हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025



## आरोपी चोरी करने देर रात पहुंचे थे महिला कोटवार के घर

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा संदिग्ध दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम रानीतराई रोड में हुई महिला कोटवार देवबती महार की नृशंस हत्या के मामले को बालोद पुलिस ने सुलझा लिया है। इस जघन्य वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने गहनों की चोरी के लिए क्रूरता की हद पार करते हुए मृतिका के हाथ को हंसिया से काटकर जेवर निकाले थे।

- पहना जेवर नहीं निकलने पर काट डाला हाथ
- दरवाजा खटखटाने पर खोलते ही दोनों आरोपियों ने गला दबाकर मार डाला

6 अक्टूबर को 65 वर्षीय देवबती महार का शव उनके घर में संदिग्ध हालत में मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, साइबर सेल, डॉग स्क्वॉड, एफएसएल और फिंगर प्रिंट टीम मौके पर पहुंची थी। विशेषज्ञों के निरीक्षण के बाद यह मामला हत्या का प्रतीत हुआ, जिसके बाद थाना देवरी में संबंधित धाराओं 194, 103 बीएनएसएस, 332 के तहत प्रकरण दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। विवेचना में पता चला कि मृतिका घर में अकेली रहती थी और 2 अक्टूबर को आखिरी बार देखी गई थी। दो-तीन दिन से वह दिखाई नहीं दी, जिसके बाद पड़ोसी ने उनके घर जाकर देखा। घर के मुख्य दरवाजे पर बाहर से सिटकनी लगी थी, ताला लटका था, लेकिन अंदर से बदबू आ रही थी। अंदर जाने पर कोटवारिन मृत अवस्था में पाई गईं।



### पूर्व में भी दे चुके हैं वारदातों को अंजाम

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं। उन्होंने ग्राम नांहदा में भी एक सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देकर ढाई लाख रुपए चुराना स्वीकार किया है, जिसका मामला भी थाना देवरी में दर्ज है। दोनों आरोपी पहले भी आबकारी एक्ट और अन्य मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चांदी के जेवर 8 नग पट्टी, 1 जोड़ी ऐंठी, 1 नग करधन, 1 नग अंगूठी, 2 नग बाजारू चूड़ी और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त कर ली है।

### आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी

एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में टीम ने घटना स्थल और गांव के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। लोकल सूचना और तकनीकी साक्ष्य की मदद से दो संदिग्धों को चिह्नित किया गया। पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों गोलू उर्फ महेंद्र कुमार साहू निवासी रानीतराई और महेंद्र कुमार साहू उर्फ गोलू निवासी बड़े रानीतराई ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि 2 अक्टूबर को वे चोरी करने रानीतराई गए थे। उन्होंने महिला कोटवार का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही महिला ने दरवाजा खोला, दोनों ने उसे पकड़कर कमरे में ले जाकर पटक दिया। उन्होंने महिला का मुंह और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने घर में रखे 24 हजार और चांदी के जेवर 8 नग पट्टी, 1 नग करधन, 1 नग अंगूठी चुराए। महिला के बाएं हाथ से चांदी की ऐंठी तो निकल गई, लेकिन दाहिने हाथ की ऐंठी का पेंच नहीं निकला। इस पर आरोपी महेंद्र कुमार साहू ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पिता-पुत्र में विवाद, राहगीर ने स्वयं को गाली देना समझकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पिता-पुत्र में विवाद हो गया, मामला गाली गलौज तक पहुंच गया। इसी दौरान मार्ग में चलते मोहल्ले के व्यक्ति ने उसे स्वयं को गाली देना समझकर युवक के साथ मारपीट कर दी, इसके बाद युवक द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। वार्ड 7 जवाहर पारा बालोद निवासी अमरजीत मंडावी ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर के रात्रि करीबन 8 बजे अपने घर के पास पिता के साथ घरेलू बात को लेकर वाद विवाद रहा था, मेरे पिता ने मुझे गाली दिया, उसी समय मेरे मोहल्ले के सरफराज खान उर्फ नन्हा आया और तू मुझे क्यों दे रहा है कहकर मुझे गाली गलौच देने लगा, तब मैं सरफरान खान को गाली देने से मना किया तो उसने हाथ में रखे डंडा से सिर में मारा है, जिससे मेरे सिर में चोट पहुंची है।






## खबर संक्षेप

### योग प्रशिक्षक के लिए साक्षात्कार 13 को

**बालोद।** पीएमश्री शालाओं में अंशकालीन योग प्रशिक्षक, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों की सेवाएं लेने हेतु साक्षात्कार की तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### मॉर्निंग वॉक पर गए युवक की स्कूटी पर, मामला दर्ज

**बालोद।** दल्लीराजहरा में सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए एक युवक की एक्टिवा स्कूटी चोरी हो गई। युवक ने अपनी स्कूटी एक जगह खड़ी कर लॉक की थी, लेकिन वापस लौटने पर उसे अपनी स्कूटी नहीं मिली। वार्ड क्र. 1 पंडर दल्लीराजहरा निवासी उत्तम कुमार कोठारी ने पुलिस को बताया कि वह प्रतिदिन की तरह 7 अक्टूबर की सुबह लगभग 7 बजे अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 24 जे 3300 से टहलने के लिए राजहरा बाबा मंदिर के डंप यार्ड के पास गए थे। उन्होंने अपनी एक्टिवा को खड़ा करके लॉक किया और सीआईएसएफ कैंप की तरफ मॉर्निंग वॉक के लिए निकल गए। करीब आधा घंटा पैदल चलने के बाद जब वह वापस स्कूटी रखने की जगह पर आए, तो उनकी एक्टिवा गायब थी। पहले तो उन्हें लगा कि शायद किसी दोस्त ने मजाक किया होगा, लेकिन 8 अक्टूबर तक भी स्कूटी नहीं मिलने पर उन्हें यकीन हो गया कि उनकी एक्टिवा को किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया है। उत्तम कुमार कोठारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और चोरी गई स्कूटी की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने जब्त किया 10 हजार नशीली टेबलेट का जखीरा, 5 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 हजार से अधिक नशीली टेबलेट को जब्त किया है। जिन आरोपियों को पकड़ा गया है उनके तार उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की बिक्री के खिलाफ छेड़े गये अभियान के तहत दुर्ग कोतवाली पुलिस को अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाईयां बिक्री करने वालों को पकड़ने में सफलता मिली है।

## निधन

### बालमुकुंद तिवारी



**जामगांव आर।** नगर निवासी बालमुकुंद तिवारी 60 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम जामगांव आर किया गया। वे ओमप्रकाश तिवारी के भाई, शिवाशीष तिवारी के पिता थे।

### सोनऊ राम



**बालोद।** ग्राम जाटादाह निवासी सोनऊ राम बेल्सर 65 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे बीआर बेल्सर, परमानंद, भगतराम के भाई एवं भूपेन्द्र व आशीष के पिताजी थे।

# मुन्देरा में हुआ रामलीला का मंचन, ग्राम की 50 बालिकाओं ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही





सहयोगी नवयुवक मित्र मण्डल ग्राम मुन्देरा में लगभग 50 वर्ष से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में द्वादश के दिन तक रामलीला का मंचन किया गया।

इस बीच में गांव की कुल 28 बालिकाओं ने रामलीला की प्रस्तुति दी। इसे देखने व सुनने आस पास के अन्य गांव के लोग पहुंचे। तीन दिवसीय रामलीला में प्रथम दिवस धनुष यज्ञ, दूसरे दिवस लंका दहन व तीसरे दिवस रावण वध के साथ कन्या रामलीला मण्डली मुन्देरा द्वारा दशहरा उत्सव मनाया गया। इसमें ग्राम के युवतियों में श्रीराम की भूमिका कीर्ति धनकर, लक्ष्मण का पायल धनकर, सीता का दामिनी धनकर, विभीषण एवं भरत का नम्रता साहू, परसुराम एवं हनुमान का दीक्षा साहू, अंगद का पायल साहू, नल का माही धनकर, नील का खुमेश्वरी साहू, जामवंत का खुशबू साहू, विश्वामित्र का चन्द्रकला साहू, सुषेण बैद का टिया धनकर (क्लास 1), रावण का चंचल साहू (बीएससी), मेघनाथ का याजुषी राय, कुंभकर्ण का ढालसिंह सोरी, अक्षय कुमार का पायल पडोटी सहित अन्य पात्र का दामिनी ठाकुर, जानवी साहू, पायल साहू, अनुरागिनी मण्डावी, इशिका यादव, गुंजा यादव, ओषी साहू, मिस्टी, कुमकुम, पूर्वी, लील्ली, पदमा यादव ये बालिकाए भूमिका निभाती है। इस रामलीला में भाग लेने वाले सभी बालिकाओ का उम्र लगभग दस से बीस साल की है जो अपनी भूमिका से सब का मनमोह लिया।

मंडली के संरक्षक एमएल गौतम, संचालक रेखराम ठाकुर, अध्यक्ष गुरुदयाल साहू ,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, सचिव सोमेश्वर नेताम, गणपत विश्वकर्मा, नेतराम सेन, भागवत साहू, टेकनारायण मण्डावी, दानेश ठाकुर, हरीश यादव, ढाल सिंह सोरी एवं समस्त सहयोगी नवयुवक मित्र मण्डल ग्राम मुंदेरा के सहयोग से यह कन्या रामलीला मंडली का कार्यक्रम हुआ।

## राष्ट्रीय पोषण माह पर विनायकपुर में हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

# परिवार और समाज की शक्ति नारी है : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा







- गोदभराई रस्म व अन्न प्रसन्न संस्कार विधायक ने सुपोषण कीट वितरण किया

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विनायकपुर में एकीकृत बाल विकास परियोजना विभाग दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह पर जागरूकता का आयोजन किया गया। पौष्टिक आहार खाओ कुपोषण को दूर भगाओ विषय पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बच्चों में संतुलित स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कार्यक्रम का शुभारंभ मां ज्ञानदायानी सरस्वती के तैल चित्र माल्यारोपण कर किया स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, छोटे छोटे बच्चों व स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगा रंग प्रस्तुति प्रदान किया।

आंगनबाड़ी के छोटे छोटे बच्चों को पानी बाटल गिफ्ट प्रदान किया गया। आयोजित खेल खुद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के गोद भराई रस्म के तहत दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भाग्यलक्ष्मी, नीलीमा चंद्राकर उर्वशी चंद्राकर चंद्रकला साहू को पौष्टिक आहार टोकरी भेट किया अन्नप्राशन संस्कार के तहत खुशिका राजेश्वरी भूविका व पीहू का मुंह मीठाकर पोषण कीट प्रदान किया गया।बाल विवाह व भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा स्वास्थ नारी सशक्त परिवार विश्व को चलने वाली कोई शक्ति है तो वह नारी शक्ति है। परिवार की शक्ति समाज की शक्ति नारी है, दो कुल को जोड़ने वाले नारी शक्ति है। ऐसे नारी शक्ति को में प्रणाम करता हूं। आज हमारी सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए प्रत्येक माह 1000 देने के काम कर रही है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया आज उसका असर पूरे देश में देखने को मिल रहा है। आज बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। चंद्राकर ने बताया राष्ट्रीय पोषण माह भारत सरकार का एक प्रमुख पोषण अभियान है, जो हर साल सितंबर में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को स्वस्थ भोजन व शारीरिक गतिविधियों के बारे में जागरूक करना है। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में पोषण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जैसे बच्चों के लिए स्वस्थ भविष्य का निर्माण, मातृ एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देना, डिजिटल पोषण ट्रैकर के उपयोग को प्रोत्साहित करना और बच्चों में मोटापा रोकने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने माताओं से स्वास्थ जीवन शैली अपनाने नियमित योगा अभियाष करने व संतुलित आहार विहार लेने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, संतोष निषाद, रजनी साहू, सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार परियोजना अधिकारी ऊषा झा, रेखा लोनारे, तृप्ति शर्मा, अधिवक्ता विभा मिश्रा, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज यादव, बूथ अध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन, पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रहे।

# शिक्षा गुणवत्ता अभियान में हुआ विशेष कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम कसही लो स्थित प्राथमिक शाला में शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन एवं मूल्यांकन करना, विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता को परखना तथा अभिभावकों की सहभागिता को और सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम में अंकेक्षक अधिकारी घनाराम नागेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था और गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी ली तथा सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण एवं ग्राम पंचायत कसही लो के उपसरपंच व पंचगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व शिक्षक आत्मा राम खरे ने किया। समारोह में शिक्षक मोहित भौषार्य, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनश्याम कुंजाम, शिक्षक-पालक संघ के संरक्षक महावीर कलिहारी, समाजसेवी एवं युवा साथी डॉ. धर्मेंद्र साहू, पंचायत प्रतिनिधि उपसरपंच नरेंद्र साहू, पंच यशवंत साहू, बिसाहिन बाई, माधुरी मंडावी, मितानिन सरोज साहू, शिक्षाविद रोहित चंदनमलागर, शिक्षिका मालती यादव, शीतल कुलदीप, सुकवारो बाई, सुखदी कोमरे, जाहिर लाल, गोकुल साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।संपूर्ण आयोजन ने शिक्षा के प्रति ग्रामवासियों में जागरूकता लाने के साथ-साथ बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों की महत्ता को रेखांकित किया।

# भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत पर किया कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा शहर द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें आत्मनिर्भरता से जुड़े विविध आयामों वोकल फॉर लोकल, रक्षा क्षेत्र, ऑपरेशन सिंदूर, जेट इंजन, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष विज्ञान, ऊर्जा, कृषि, उर्वरक, स्वदेशी तकनीक, मिशन सुदर्शन चक्र आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता जिला महामंत्री राकेश यादव ने कहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती 25 सितंबर से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। यह अभियान समाज के हर वर्ग को स्वदेशी उत्पाद अपनाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और भारत को आर्थिक व तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों जैसे ऑपरेशन सिंदूर, सेमीकंडक्टर उत्पादन, अंतरिक्ष मिशन, ऊर्जा स्वतंत्रता, खाद्य सुरक्षा, स्वदेशी प्लेटफॉर्म आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का संकल्प है।

मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने कहा ग्रामीण और स्थानीय उत्पादों को शहरों तक लाकर उन्हें सम्मान और बाजार दिलाना ही सच्ची आत्मनिर्भरता है। पार्षद गोकुल ठाकुर एवं बूथ अध्यक्ष प्रतिमा यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी ने किया। आभार कमलेश गौतम ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, लीला लाले शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अकबर तिगाला, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, अबरार सिद्दीकी, मंडल महामंत्री संतोष कौशिक, पंकज आहूजा, प्राची लालवानी, समीर खान, कमल बजाज, मनीष माधवानी, राकेश बंटी बाफना, प्रीतम यादव, गोमती रात्रे, सुनीता मनहर, हितेश्वरी कौशिक, राहुल साहू, प्रीति देशमुख, छवि सार्वा, अभिषेक नाथ योगी, पिंटू जात्रे, धांसू राम गंधर्व, लेखन सहीरो, दिव्या बजाज, लक्ष्मी साहू, जागेश्वर ढीमर, कल्याणी कौशिक, कांति साहू, प्रीति वाला साहू, आशा पटेल, पुष्पा साहू साथ ही महिला कार्यकर्ता, युवा, प्रकोष्ठों के सदस्य, मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** बालोद-गुरूर मार्ग पर एक सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पुत्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सेमरकोना निवासी चमन लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को रात करीब 7 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके पिता सालिक राम साहू का सांकरा (क) में शासकीय धान संग्रहण केंद्र के पास एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर पहुंचने और बाद में सांकरा बंगला अस्पताल जाकर पता चला कि सालिक राम साहू को सिर, बाएं आंख, दाहिने हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल सालिक राम साहू ने अपने पुत्र को बताया कि शाम 6.30 बजे के करीब जब वे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एलजी 5058 से करहीभदर से सेमरकोना घर लौट रहे थे और सांकरा धान संग्रहण केंद्र के पास पहुंचे, तभी बालोद से गुरूर की ओर जा रही एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 08 एए 1268 के चालक ने उन्हें सामने से ठोकर मार दी। सालिक राम साहू को प्राथमिक उपचार के बाद बालोद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चमन लाल साहू की रिपोर्ट पर बोलेरो चालक के खिलाफ धारा 184 **LKS**, 125(**AE**), 281 **BNS** के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामसभाओं में गिरदावरी सर्वे सूची का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जिले की पंचायतों में जारी है विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन

एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत आज बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के अवसर पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन किया गया। गिरदावरी कार्य के सर्वे सूची का पठन हेतु जिले के सभी विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों में निरंतर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान गिरदावरी सर्वे सूची के पठन के अलावा भविष्य में आने वाले जल संकट से निपटने तथा जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा कृषकों एवं ग्रामीणों को धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल लगाने की समझाईश दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि धान के फसल में अन्य फसलों की अपेक्षा बहुत अधिक पानी की खपत होती है। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल के उत्पादन के लिए केवल भूजल पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जिसके फलस्वरूप भूजल का अत्यधिक दोहन होने से भूजल का स्तर लगातार बहुत नीचे जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आज एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन हेतु बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद, बघमरा, गोड़पार एवं टेकापार, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मटिया, सिर्राभाठा, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम मरकाटोला, जमही, वनपंडेल, मगरदाह, कुर्रूटोला, ढोरएँठेमा, किसनपुरी, कुसएँटिकुर, चिहरो, खैरवाही सहित जिले के सभी तहसीलों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा गिरदावरी सूची का पठन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू–नक्शों के जीव–रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जीएसटी रिफॉर्म पर भाजपा ने की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



भाजपा अंडा निकुम मंडल के ग्राम कोनारी तहसील साहू समाज भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी सुधार विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला मंत्री शैलेंद्र शैंडे, सहयोगी वक्त के रूप में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ, किसान नेता एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख उपस्थित रहे।

संबोधन में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता के सहयोगी वक्त साजन जोसेफ ने आत्मनिर्भर भारत की एवं जीएसटी सुधार अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शैलेंद्र शैंडे ने जीएसटी सुधरो की महत्ता और उनके दूरगामी लाभों पर जानकारी दी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष किसान नेता प्रितपाल बेलचंदन ने कहा कि जीएसटी में की गई कमी न केवल व्यापार जगत के लिए रहता है, बल्कि आमजन एवं किसानों के लिए भी राहतकारी है। इससे व्यवसाय को गतिमिलेगी और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पुरान देशमुख और आभार व्यक्त महामंत्री डिलेश गब्बर साहू ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता खेमलाल चंद्राकर, के एल दिल्लीवार, लक्ष्मीनाथ देशमुख, घनश्याम दिल्लीवार, सांसद प्रतिनिधि मनोज गोलू चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष पवन देवांगन, भूपेंद्र बेलचंदन, मीडिया प्रभारी लुकेश देवांगन, कार्यालय मंत्री मुकेश चंद्राकर, सह कार्यालय मंत्री मुन्ना देशमुख, आईटी सेल प्रभारी ढालसिंह भारती, सह कोषाअध्यक्ष विजयलक्ष्मी कन्नौजे, निकुम सोसाइटी अध्यक्ष भैया लाल साहू, आलबरस सोसाइटी अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, बुथ अध्यक्ष वेद प्रकाश देशमुख, भूषण देवांगन, पारस देवांगन, गौरी भाई यादव, तिलक चंद्राकर, प्रदीप देशमुख, लक्ष्मण यादव, राजू चंद्राकर, पूर्व सरपंच कोनारी महेश चंद्राकर, सरपंच ग्राम भानपुरी उमेंद्र राम ठाकुर, इस कार्यक्रम की व्यवस्थापक सरपंच पति पारखचंद साहू एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## रिश्तेदार के यहां सोना चोरी करने वाले दंपति पुलिस गिरफ्त में

**डौंडीलोहारा।** दो माह पूर्व अपने रिश्तेदार के घर से मंगलसूत्र चुराने वाले दंपत्ति सुखराम जांगड़े 36 व उसकी पत्नी रामतिला जांगड़े 33 ग्राम दीवानटोला थाना छुरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। मंगचुवा थाना प्रभारी डी के कोर्राम ने बताया कि आरोपी दंपति द्वारा करीब दो महीने पूर्व अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम नरसुटोला थाना मंगचुवा आया था, जो अपने ही रिश्तेदार के घर आलमारी से सोने का मंगलसूत्र व 4 सोने का दाना कीमती लगभग बीस हजार रुपये की चोरी कर फरार हो गया था। प्रार्थी आरती देशलहरे द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी, तब से मंगचुवा पुलिस द्वारा खोजबीन जारी थी। छुरिया थाना क्षेत्र से गुरुवार को गिरफ्तार कर मंगचुवा थाना लाया गया था। आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी दंपति के गिरफ्तारी में थाना प्रभारी देव कुमार कोर्राम प्रधान आरक्षक विकास सिंह व आरक्षक अजय यादव की भूमिका सराहनीय रही।

## अर्जुंदा में जस जगराता आज

**बालोद।** मां शारदा उत्सव समिति नगर अर्जुन्दा द्वारा करवा चौथ पर 10 अक्टूबर को नवरात्रि जस जगराता करवा चौथ का आयोजन मिनीमाता चौक अर्जुन्दा में किया जायेगा। इसमें लोक गायिका आरू साहू अपनी प्रस्तुति देगी। इसमें मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधानसभा विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा प्रणेश जैन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा अनुभव शर्मा, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले, अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस प्रशांत बोकड़े, जनभागीदारी स्वामी आत्मानंद भारती विद्यालय ओसाभ यादव, पार्शद वार्ड नंबर 2 कोजमदास टंडन, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चन्द्राकर, समाज सेवी पंकज चौधरी, रविन्द्र पारख, रोमन सोनकर, दिग्वीजय ठेठवार, समिति के संरक्षक विनोद गेण्डू व अध्यक्ष चित्रंश गेण्डू व सदस्य एवं पार्शदगण उपस्थित रहेंगे।



## 29 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 29 मकानहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना घटक के तहत लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया हैं।

### अरमुरकसा और अवारी पंचायत की स्व सहायता समूह ने कलेक्टोरेट का घेराव किया

# मिलेट्स चिक्की कार्यादेश की मांग महिलाओं ने की 24 किमी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ के डोंडी विकासखंड की ग्राम पंचायत अरमुरकसा की मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह और ग्राम पंचायत अवारी की जय मां शीतला स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने मिलेट्स चिक्की निर्माण के लिए कार्यादेश जारी करने और रोजगार देने की मांग को लेकर एक बड़ी पदयात्रा निकाली। महिलाएं अरमुरकसा से कलेक्टर कार्यालय बालोद तक लगभग 24 किलोमीटर चलकर पहुंचीं और कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने इस दौरान जमकर नारेबाजी की। पदयात्रा में नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य और हलधर गोरे सरपंच, ग्राम पंचायत अरमुरकसा सहित कई ग्रामीण भी उनके साथ शामिल थे। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से मिलेट्स चिक्की निर्माण इकाई में काम करके अपने और अपने परिवार का जीवन यापन कर रही थीं, लेकिन अप्रैल से कार्यादेश जारी नहीं होने के कारण समूह के 35-40 सदस्यों का काम बंद हो गया है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 25 जून को भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। निराकरण न होने पर ही उन्होंने मजबूरन मुख्यमंत्री और महिला बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए यह पदयात्रा की।





### रीपा योजना पर सवाल

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में समूह के सदस्यों को स्वरोजगार दिलाने के लिए ही महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा बनाने के लिए गांव की जमीन का प्रस्ताव किया गया था, जिसमें करोड़ों रुपये से भवन का निर्माण हुआ। हालांकि, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ समूह के सदस्यों को नहीं मिल पाया। आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीण स्व सहायता समूह के सदस्यों को करोड़ों रुपये के भवन का लाभ नहीं मिला।

### बेकरी निर्माण इकाई की दयनीय स्थिति

इसी रीपा परिसर में बेकरी निर्माण कार्य के लिए चयनित सिद्धि विनायक बेकरी समिति के खाते में मशीन व सामग्री खरीदी हेतु 40 लाख की राशि जमा कराई गई थी। समिति का सहकारिता विभाग में पंजीयन भी हुआ था। आरोप है कि अधिकारियों ने बेकरी, बिस्किट, ब्रेड और अन्य उत्पाद का निर्माण शुरू कराकर सदस्यों को स्वरोजगार दिलाने में गंभीरता नहीं दिखाई। इसके परिणामस्वरूपः मशीन खरीदी और प्रशिक्षण पर राशि खर्च हो गई। खरीदी गई लाखों की मशीनें रीपा परिसर में कबाड़ में पड़ी हैं। समूह के सदस्य खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दिव्य पथ संचलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में विजयादशमी उत्सव और पथ संचलन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में डौंडीलोहारा मंडल का शस्त्र पूजन और पथ संचलन का आयोजन 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे दुर्गा मंच राजा पारा में रखा गया है। संचलन के पहले कार्यक्रम स्थल पर शस्त्र पूजन और मुख्य वक्ता का बौद्धिक होगा।

मुख्य वक्ता के रूप में गोपालजी यादव सहप्रांत कार्यवाह उपस्थित रहेंगे। संचलन 200 गणवेश धारी स्वयंसेवक आने का लक्ष्य रखा गया है। नगर के समस्त हिंदू समाज को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीम बनाकर जिम्मेदारी दी गई है। मंच व्यवस्था में देवेंद्र जायसवाल, जसराज शर्मा, राजू भंसाली, धर्मेंद्र निषाद है। संचलन के स्वागत की तैयारी हेतु हर्षा देवांगन, बलराम गुप्ता, प्रधानाचार्य डोमार सिंह साहू ,डोमेद देशमुख व सोमेंद्र देशमुख है। इनके साथ अन्य व्यवस्था में संदीप लोढ़ा, संदीप भंसाली, मयंक जायसवाल और नगर के पार्षद गण हैं। खंड संघ चालक सियाराम सार्वा, खंड कार्यवाह विनय, जिला पदाधिकारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार किया गया है। नगर के समस्त धार्मिक सामाजिक संगठन के सदस्यों से अपील की गयी है कि इस आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### जिले के आंबा केंद्रों में थीम आधारित हुए कार्यक्रम

# माता यदि जागरूक और स्वस्थ्य हैं तो संतान भी स्वस्थ्य व सुपोषित होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा 2025 के दौरान सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में थीम आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आईवायसीएफ थीम के आधार पर प्रथम प्रसव से जन्मे बच्चे की माता एवं परिवार को सतत स्तनपान के उद्देश्यों के आधार पर गृहभेंट के माध्यम से स्तनपान के महत्व पर समझाइश दी गई। किसी भी राष्ट्र के विकास में हर नागरिक का योगदान महिलाओं और बच्चों का रहता है।

वे जब शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य होंगे तो समाज निरोगी होगा। माता यदि जागरूक, स्वस्थ्य हैं तो उनके आने वाली संतान भी स्वस्थ्य व सुपोषित होंगे। ऐसी ही कुछ कहानी ग्राम भानपुरी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की है, जहां पर नियमित गृहभेंट और पोषण खजानी के खाने के तरीके की लगातार व प्रभावी समझाइस से नई बहु पुष्पा ठाकुर पति केवल ठाकुर के परिवार 2.700 किलो की बच्ची ने जन्म लिया है।



नई बहू होने के कारण पहली गर्भावस्था के दौरान क्या-क्या ध्यान रखना, खान पान क्यों जरूरी है। इन सभी के बारे में बहुत कम जानकारी होने और जागरूकता नहीं होने से गर्भधारण करने के 3 से 5 माह तक लगातार उल्टी होने और खाने में कमी होने से गर्भवती का वजन कम बढ़ रहा था परिवार वाले चिंतित हो रहे थे। अपनी बात को खुलकर भी बता नहीं पा रहे थे। तभी कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत होने के कारण विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास 2 दुर्ग की पर्यवेक्षक सोनल सोनी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि देवांगन ने लगातार गृहभेंट करने लगे और लगातार सलाह, पोषण खजानी को खाने के तरीके, रेडी टू इट की नियमित उपयोग करने के साथ साथ सप्ताह में तीन दिन भाजी का सेवन और आयरन तथा कैल्शियम की गोली का उपयोग करने से पूरे गर्भावस्था के दौरान लगभग 12 किलो वजन की वृद्धि हुई। पुष्पा ठाकुर जो कि प्रथम बार गर्भवती हुई, कार्यकर्ता दीदी द्वारा उसे एएनएम दीदी के पास जांच 40 किलो और हीमोग्लोबिन मात्र 9 ग्राम है। कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती के घर नियमित एवं सतत गृहभेंट करना जारी रखा तथा परिवार के अन्य सदस्य को भी देखभाल में पूरा सहयोग करने प्रेरित करती रही। फलस्वरूप प्रसव के पूर्व तक गर्भवती का वजन 52 किलोग्राम और हीमोग्लोबिन 10.9 ग्राम हो गया।

# वन्य प्राणी संरक्षण के लिए लगाया मुखौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत जिले के चौक में वन्य प्राणियों का मुखौटा लगाकर मार्ग में वाहनों को रोक कर वन क्षेत्र में वाहन धीरे व सावधानीपूर्वक चलाने की अपील की गई। इसके तहत जागरूक किया गया कि बालोद जिले के जंगलों से आप गुजरे तो पहले वन्य प्राणियों को सड़क पार होने दे, इसका उद्देश्य लोगों को वन्यजीवों के प्रति लगाव पैदा करना और उनके आवासों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

- वन क्षेत्र में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने चालकों से की गई अपील

इसमें जागरूकता कार्यक्रम के तहत वन्यजीवों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में लोगों को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इको सिस्टम के संतुलन की जानकारी, वन्यजीवों और उनके आवासों के बीच के संबंधों के बारे में जानकारी दी जाती है और इको सिस्टम के संतुलन को बनाए रखने के महत्व पर चर्चा की जाती है। प्रकृति संरक्षण के तहत लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया जाता है और उन्हें वन्यजीवों और उनके आवासों की रक्षा करने प्रोत्साहित किया जाता है।




वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का उद्देश्य वन्यजीवों और उनके आवासों की रक्षा करना और लोगों को उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। यह आयोजन हमें वन्यजीवों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में याद दिलाता है।

# पचेड़ा में हुई रामधुनी प्रतियोगिता



**बालोद।** ग्राम पचेड़ा में आयोजित दो दिवसीय संगीतमय एवं झांकीमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर के मुख्य अतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बलराम कुमेटी ने किया तथा विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष डौंडी मुकेश कौड़ो, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, जनपद उपाध्यक्ष डौंडी भोलाराम नेताम, आयोजक समिति अध्यक्ष रामप्रसाद निषाद, उपसरपंच मंगुराम गोयल आदि शामिल हुए। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रभु श्रीरामचंद्र जी की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर सजे–धजे भव्य पंडाल और संगीतमय रामधुनी के बीच श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कथा प्रसंग के अनुसार विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन कर कथा को जीवंत बनाने का प्रसास रामधुनी मंडलियों द्वारा किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रभु श्री राम के गुणगान करने मात्र से ही हमारा जीवन सफल हो जाता है, आने वाले हमारी युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम के आदर्श, उनके त्याग, तपस्या को जानना, सुनना व समझना अति आवश्यक है, नित प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में रामधुनी सम्मेलन जस झांकी सम्मेलन रामायण सम्मेलन जैसे विभिन्न आयोजन क्षेत्र में परस्पर हो रहे हैं, जो हमारे आने वाले युवाओं को हमारे धर्म संस्कृति को जानने का उत्तम मार्ग है। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा कि भगवान प्रभु राम के कथाओं का प्रवाह हो रहा है, जिससे अंचल धर्म मय एवं भक्ति में दिखाई देती है, सफल आयोजन के लिए मैं समिति को बधाई देती हूं। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल का हुआ सामाजिक अंकेक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

प्राथमिक व संलग्न पूर्व माध्यमिक शाला कुरसुनी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूल में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करना है, पालक की सहभागिता बढ़ाना शैक्षणिक उपाध्याय को उन्नत करना स्कूलों के ग्रेडिंग करना जिसमें विभाग और शिक्षकों की भागीदारी होगी जिसके तहत बच्चों के शैक्षणिक स्थल विद्यालय की भूमिका का आकलन किया गया।

इस अभियान से छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी सदस्य के सुधार करना चाहती है बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए काम करेगीं। वहीं शाला विकास समिति अध्यक्ष चुरामन लाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कुर्सिनी योगेश्वर साहू, उप सरपंच उर्वशी निषाद, पूर्व सरपंच लोबान वाले, पूर्व सरपंच पवन सोनबरसा, विधायक प्रतिनिधि रानू साहू, एमसी संयोजक खूब लाल बोरकर सहित उषा साहू रहे, वही बच्चों को स्वादिष्ट न्योता भोजन दिया गया।

## प्राथमिक व मिडिल स्कूल कोरगुड़ा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक व मिडिल स्कूल कोरगुड़ा में सामाजिक अंकेक्षण हुआ। डौंडीलोहारा के अंतर्गत कोरगुड़ा स्कूल में राज्य शासन द्वारा सभी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता को परखने के उदेश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सामुदायिक सहभागिता शिक्षा की गुणवत्ता उपलब्ध संसाधनों की अनिवार्य उपयोगिता को परखने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोरगुड़ा में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शासन के निर्देशन अनुसार सम्पन्न हुआ। इससे पालक, बालक, शिक्षक एवं समुदाय के बीच सामंजस्य एवं शिक्षा में सुधार के बहुत सारे विकल्प मिलता है, जो बच्चों को शिक्षा के साथ मानसिक, बौद्धिक, नैतिक, व्यवहारिक, सर्वागीण विकास मे सुधार के सार्थक उपाय मिलते हैं। इस कार्य में दल प्रमुख के रूप में चिल्हाटी कला के प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, संकुल समन्वयक थानेश्वर साहू, ग्राम प्रमुख, सरपंच, उपसरपंच, शिक्षा विद, समस्त पंचगण, पालकगण तथा ग्रामीण संस्था के प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में स्कूल की सोशल आडिट, पढ़ाई का स्तर, बच्चों व शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के साथ मीनू के आधार पर मध्यान्ह भोजन, एक पेड़ मां के नाम की जानकारी के साथ 20 प्रश्नों का उत्तर दिया गया, जिससे बच्चों के स्तर की सही जानकारी मिली। साथ ही ग्राम पंचायत के द्वारा न्योता भोज में सभी को खीर पूरी, पापड़, आचार, खिलाकर अपनी सहभागिता निभाई।

## ग्राम पटेल संघ तहसील इकाई के अध्यक्ष बने कुशलसिंग



**डौडीलोहारा।** ग्राम पटेल संघ तहसील स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कुशलसिंग मंडावी, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ठाकूर, विजयकुमार निर्मलकर ,सचिव नरेंद्र कुमार, राधेलाल राणा, कोषाध्यक्ष भरोसा राम भुआर्य, संरक्षक चैत्रराम बारले ,मीडिया प्रभारी इंद्रकुमार भंडारी, ब्रह्मकुमार ठाकूर, कार्यकारणी सदस्य मन्नू लाल ठाकूर, अशोक कुमार कुरेटी को चुना गया, चुनाव प्रभारी के रूप में केवल सिंह चंदेल ,डुमार सिंग कुंवर, भावसिंग, रविशंकर, तारेंद्र देशमुख, दिनेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, जगदीश यादव ग्राम पटेल उपस्थित रहे।

# आज मनाया जायेगा करवा चौथ, बाजार रहा गुलजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पति के लंबे आयु के लिए आज सुहागन महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखेगी, जिसकी तैयारी में महिलाएं बाजारों में करवा चौथ के सामान की खरीददारी करते दिखी। आज करवा चौथ मनाया जाएगा, जिसके लिए सुहागीन महिलाओं द्वारा पूजा की सामग्री की तैयारियों से लेकर इस दिन को खास बनाने के लिए नए कपड़े, सोने-चांदी के सामानों के साथ श्रृंगार के सामान खरीदती दिखी।

एक ओर सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए दिन भर निर्जला व्रत रख अपने ईष्टदेव की पूजा करने के साथ चन्द्रमा व अपने पति को छलनी से देखने व पूजा करने के बाद पति के हाथो पानी पीकर व्रत तोड़ेगी। जिला मुख्यालय के दुकानों व चौक चौराहों में लगे अस्थाई दुकानों में करवा चौथ संबंधी सामान खरीदने के लिए महिलाएं पहुंची, जहां पूजा के सामग्री में छलनी 20 रूपये से प्रारंभ होकर 200 रूपये तक बिक रहे थे, वहीं करवा 30 रुपए से प्रारंभ होकर 100 रूपये तक बिक रहे थे। जहां माता रानी के श्रृंगार के सामानो के साथ चुनरी व अन्य पूजा सामग्रीयां बाजार मे दिखी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411